पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने स्वतंत्रता दिवस पर राजभवन में झण्डा फहराया

शाम को राजभवन में स्वल्पाहार समारोह का आयोजन

लखनऊः 15 अगस्त, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन में झण्डा रोहण किया तथा पुलिस गार्ड की सलामी ली। इस अवसर पर उनकी पत्नी श्रीमती कुन्दा नाईक व राजभवन के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

राजभवन में झण्डा रोहण के बाद राज्यपाल ने सभी शहीदों को नमन करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश ने देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विचार करने की आवश्यकता है कि पिछले एक साल में हमने क्या खोया और क्या पाया। स्थिति का आकलन कर के नये संकल्प के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। संवेदनशीलता से समस्याओं पर विचार करें तो समस्या का हल स्वयं ही निकल सकता है। उन्होंने कहा कि शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के सपने को साकार करने के लिए उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने का प्रयास करें।

श्री नाईक द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन में शाम को आयोजित स्वल्पाहार कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव, केन्द्रीय मंत्री श्री कलराज मिश्र, प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्री अहमद हसन, राजनैतिक पंेशन मंत्री श्री राजेन्द्र चैधरी, मंत्री श्री अरविन्द सिंह गोप, अन्य मंत्रीगण, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मुलायम सिंह यादव, पूर्व मुख्यमंत्री श्री एन0डी0 तिवारी, पूर्व राज्यपाल डाॅ0 अजीज कुरैशी, पूर्व राज्यपाल सैय्यद सिब्ते रजी, स्वतंत्रता सेनानीगण के अलावा श्री लालजी टण्डन, श्री अम्मार रिज़वी, विधायकगण, गणमान्य नागरिक, मुख्य सचिव श्री आलोक रंजन, मुख्य सूचना आयुक्त जावेद उस्मानी, डीजीपी श्री जगमोहन यादव, वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस एवं सेना के अधिकारीगण, कई विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं प्रमुख संस्थानों के निदेशक, विभिन्न धर्मो के धर्मगुरू भी शामिल हुए। समारोह में राज्यपाल ने विशेष रूप से कुष्ठ आश्रम के सदस्यों को भी आमंत्रित किया था।